## नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 2 सितम्बर गुरूवार को नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 2 सितम्बर गुरूवार को चांदनी चौक व फ्रीगंज क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर भरतलाल-जगदीश पोरवाल डूंगरी झाबुआ, संजय-दीनदयाल पाटीदार पर 500-500, रितेश कांतीलाल मेहता व सुशील-शेरचन्द पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

इन्दौर समाचार 5/9/21

## गंदगी फैलाने पर 12 लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में कचरा व गंदगी करने पर शैलेंद्रसिंह लंबी गली से 1000, शांतिलाल, विनोद कटारिया महलवाड़ा, से 500-500, शर्माजी सैलाना रोड, बालाजी रेस्टोरेंट दो बत्ती,



मार्डन केमिस्ट, श्रीराम केमिस्ट कालेज रोड से 250-250, महाकाल नमकीन फूल मंडी से 200, चौधरी रेस्टोरेंट फूल मंडी से 100, एके पान भंडार, किशोर, मुकेश सैलाना रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। उधर, शुक्रवार को चांदनी चौक व फ्रीगंज क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर भरतलाल-जगदीश पोरवाल डूंगरी झाबुआ, संजय-दीनदयाल पाटीदार से 500-500, रितेश कांतिलाल मेहता व सुशील-शेरचंद से 200-200 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

नईदुनिया 5/9/21

**शिकंजा** • मामले में अफसरों के घपलों की परतें भी खुलने लगीं

# सीसी सड़क भी टूटेगी, लीज नवीकरण की भी होगी जांच

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

## परिषद से लीज की विधिवत स्वीकृति हासिल नहीं की गई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राम मंदिर के सामने निर्माणाधीन द्वारका रेजीडेंसी के सामने सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के बनाई गई सीमेंट कांक्रीट का टूटना तय हो गया है। कागजी कार्रवाई के साथ प्रशासन और नगर निगम ने तैयारी कर ली है। शनिवार और रविवार की छुट्टी के बाद संभवतः सोमवार को सीसी की सड़क को तोड़ दिया जाएगा। इतना ही नहीं सर्वे 43/1131 मिन-1 की 0.080 हेक्टेयर जमीन की लीज नवीनीकरण की फाइल भी खुल गई है। नगर पालिका निगम ने इस भूमि की लीज 14 फरवरी 2019 को नवीनीकरण करते हुए 2046 तक बढ़ा दी थी।

निगम सूत्रों की मानें तो इसके लिए विधिवत परिषद की स्वीकृति नहीं ली गई है। लीज नवीकरण के ढेरों प्रकरणों की आड़ में अफसरों ने इस जमीन की लीज भी बढ़ा दी थी। यही वजह है कि कार्रवाई के लिए प्रशासन का पत्र मिलने के बावजूद निगम के अफसर द्वारका रेजीडेंसी के खिलाफ एक्शन लेने का माद्दा नहीं जुटा पा रहे हैं। बता दें कि सर्वे नंबर 43/1131 और चेतक ब्रिज के बीच लगभग 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। इसमें से लगभग 8500 वर्गफीट पर द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने बिना अनुमति के सीमेंट कांक्रीट कर दिया था। खरीदारों को धोखा देने के लिए उसे सड़क बताकर दुकानों और फ्लैट्स की ऊंची कीमतों पर बुकिंग की जा रही थी। 29 अगस्त को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर नगर निगम और राजस्व अमले ने नपती कर लोहे की जाली लगाकर भूमि सुरक्षित कर ली है। कलेक्टर पुरुषोत्तम के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## आगे यहः दो दिन में टूट जाएगा रोड



द्वारका रेजीडेंसी के सामने खुदाई होकर सीवरेज लाइन डलना शुरू हो गई है।

### तत्कालीन कलेक्टर ने जमीन पर लगा दिया सरकारी बोर्ड

जिस जमीन पर धोखे की द्वारका रेजीडेंसी बिल्डिंग तानी जा रही है उसे तत्कालीन महाराजा सज्जन सिंह ने उद्योग के लिए दी थी, जो अहस्तांतरित थी। लंबे समय तक सज्जन ऑइल मिल चलने के बाद बंद हो गई तो फर्म संचालकों ने जमीन बेच दी। इतना ही नहीं 2005-06 में शिकायत मिलने के बाद तत्कालीन कलेक्टर दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने जांच कराकर यहां नजूल भूमि का बोर्ड भी लगा दिया। इसके बाद सारा खेल रचकर फर्म संचालक ने जमीन का नामांतरण करा लिया। 43/1131 के खसरे के पटवारी हल्के में भूमि शासकीय ही दर्ज है।

भास्कर

दै. भास्कर 4/9/21

# तीन सेट किट आई, आज से होगी डेंगू की जांच

## सर्वे के दौरान 15 घरों में मिला लार्वा, एक नई फागिंग नोजल मशीन भी आई



जिला अस्पताल की सेंट्रल लैब में जांच के लिए लगी मरीजों की कतार। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल की लैब में डेंगू की जांच के लिए शुक्रवार को तीन सेट किट आ गई है। शनिवार से डेंगू का एलाइजा टेस्ट शुरू हो जाएगा। वहीं नगर निगम ने एक नई फागिंग नोजल मशीन मंगा ली है, जिससे शुक्रवार की शाम से शहर में फागिंग होने लगी। मलेरिया विभाग की भी एक नई मशीन शनिवार आएगी। इसके बाद शहर में चार बड़ी मशीनों से फागिंग होने लगेगी।


शहर में शुक्रवार को 117 घरों का सर्वे किया गया। इनमें 15 घरों में लार्वा मिला जिसे नष्ट कराया गया। एक बुखार का मरीज मिलने पर मलेरिया की जांच की गई और डेंगू की जांच के लिए लैब में सैंपल भेजा गया। एलाइजा टेस्ट नहीं होने से डेंगू के मरीजों की पुष्टि नहीं की गई, लेकिन निजी अस्पतालो में किट जांच में 60 से अधिक संदिग्ध मिल चुके हैं। जिले व शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

इस साल अब तक जिले में डेंगू 202 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि पिछले साल एक साल में 42 मरीज मिले थे। शहर में नगर निगम के साथ मलेरिया विभाग फागिंग करा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एलाइजा टेस्ट की किट आ गई है। इस साल डेंगू के मरीज बढ़े हैं, लेकिन गाइड लाइन के अनुसार लगातार कंट्रोल के प्रयास हो रहे हैं। हमारे प्रयास के साथ लोगों को भी मच्छरों से बचाव के उपाय करने चाहिए, तभी बीमारी पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है।

### सेंट्रल लैब में लग रही लंबी लाइन

जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से सेंट्रल लैब में भी जांच के लिए लंबी लाइन लग रही है। एक दिन में एक हजार से अधिक मरीज विभिन्न जांचों के लिए आ रहे हैं। इनमें सर्वाधिक बुखार के हैं। सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि मौसमी बीमारियां बढ़ने से ओपीडी अब प्रतिदिन दो हजार से अधिक हो गई है। डेंगू के संदिग्ध मरीजों की भी जांच हो रही है। हर मरीज को जांच व उपचार की सुविधा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि किट खत्म होने को लेकर 'नईदुनिया' ने 03 सितंबर के अंक में पेज नंबर-02 पर 'किट खत्म, दो दिन से नहीं हो पा रही डेंगू की जांच' शीर्षक से विस्तृत खबर प्रकाशित की थी।

### सैलाना में डेंगू से दो मौत, विभाग अब भी बेखबर



**सैलाना।** सैलाना में डेंगू से बीते दो दिनों में दो मौतें हुई है। गंभीर बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन के किसी अन्य जिम्मेदार अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं है। सैलाना नगर परिषद के कर्मचारी सुरेश भूरिया के अंतिम संस्कार के एक दिन पहले दो सितंबर को कालिका माता मार्ग निवासी 50 वर्षीय निर्मला पत्नी बाबूलाल खराड़ी का सैलाना के शांतिवन में अंतिम संस्कार किया गया था। एक सितंबर को इंदौर के निजी अस्पताल में डेंगू से हुआ था। मृतका के पुत्र विजय खराड़ी ने बताया कि 30 अगस्त को तबियत बिगड़ने पर मां को रतलाम में डाक्टर को दिखाने के बाद गायत्री अस्पताल में भर्ती कर जांच करवाई गई। मां का पेट फूल गया था और असहनीय दर्द हो रहा था। गायत्री अस्पताल में 30 अगस्त को रात भर आइसीयू में रखा गया। 31 अगस्त को सुबह डाक्टर फिर आए और इंदौर रेफर कर दिया। इंदौर में बाम्बे हास्पिटल ले गए। वहां सोनोग्राफी हुई तो पता चला कि उनकी प्लेटलेट्स खत्म हो चुकी थी। 31 को दिन भर उनका डायलिसिस चला। सारे प्रयासों के बाद भी एक सितंबर को उनका निधन हो गया। शव सैलाना लाकर दो सितंबर को अंतिम संस्कार किया। दो सितंबर को ही नगर परिषद के कर्मचारी सुरेश भूरिया की भी रतलाम के निजी अस्पताल में डेंगू से मौत हुई थी। उनका अंतिम संस्कार तीन सितंबर को उनके पैतृक गांव पारा जिला झाबुआ में किया गया। एसडीएम कामनी ठाकुर को भी जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि आप बता रहे हैं तो पता चला। दिखवाते हैं क्या मामला है।

**जानकारी शेयर नहीं करते** निजी अस्पताल वाले स्वयं ही इलाज कर जानकारी शेयर नहीं करते है। इसलिए यह दिक्कत हो रही है। चिंता की कोई बात नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सजग है। **-डा. शैलेश डांगे, ब्लाक मेडिकल आफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना**

नईदुनिया

नईदुनिया 5/9/21

# जिले में 9 से 17 सितंबर तक रोजगार मेले आयोजित होंगे

रतलाम @ पत्रिका. भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 9 से 17 सितंबर तक जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह ने बताया कि प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। 9 सितंबर को रतलाम के शासकीय आईटीआई सैलाना रोड पर मेला लगेगा। 10 सितंबर को जावरा जनपद पंचायत सभागृह, 11 सितंबर को आलोट जनपद पंचायत सभागृह, 15 सितंबर को बाजना जनपद पंचायत सभागृह, 16 सितंबर को पिपलोदा जनपद सभागृह तथा 17 सितंबर को सैलाना जनपद पंचायत सभागृह में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आईटीआई तथा कंप्यूटर डिप्लोमा भी शामिल हो सकते हैं। युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित प्रशिक्षण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका 5/9/21

## मुआवजे का मामला : सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को निर्देश

# कोरोना से मरने वालों को मृत्यु प्रमाण-पत्र देने की गाइडलाइंस 11 सितंबर तक जारी करे केंद्र

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

### याचिकाओं में मृतकों के परिजन को उचित मुआवजे समेत कई मांग

गौरव कुमार बंसल और रीपक कंसल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं। इनमें मांग की है कि कोरोना महामारी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को मुआवजा दिया जाए। केंद्र व राज्य सरकारों को निर्देश दिया जाए कि वह कोरोना से जान गंवाने वालों की मौत की सही वजह उनके मृत्यु प्रमाण पत्र में दर्ज करे। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी सरल बनाएं।

कोरोना से जान गवांने वालों के मृत्य प्रमाण पत्र के लिए केंद्र सरकार अब तक गाइडलाइंस जारी नहीं कर सकी है। इस पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताई। सरकार को 11 को सितंबर तक की समय-सीमा दी कि तब तक गाइडलाइंस जारी कर दी जाएं। साथ में यह भी कहा कि इस तरह की लेट-लतीफी से तो कोरोना की तीसरी लहर भी गुजर जाएगी और गाइडलाइंस जारी नहीं हो पाएंगी।

मामला कोरोना से जान गवांने वालों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग से जुड़ा है। यह मुआवजा तभी दिया जा सकता है, जब ऐसे लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह कोरोना लिखी हो। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस एमआर शाह और अनिरूद्ध बोस की बेंच ने इसके लिए सरकार को 3 सितंबर तक का समय दिया था। लेकिन शुक्रवार को जब सुनवाई शुरू हुई तो सरकार की ओर से सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक सप्ताह की मोहलत और मांग ली। इस पर जस्टिस शाह नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत पहले यह आदेश पारित किया था। पिछली बार भी आपको अतिरिक्त मोहलत भी दी थी। आज आप फिर आप समय मांग रहे हैं। इस तरह देरी करना सही नहीं है।' जवाब में मेहता ने कहा, 'इसे जल्द ही अंतिम रूप दे देंगे। इसके बाद अदालत ने सुनवाई 11 सितंबर तक टाल दी।

दै. भास्कर 4/9/21

# जिला चिकित्सालय रतलाम में कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

जिले में सभी आमजन को कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला चिकित्सालय रतलाम में ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है।

जिला चिकित्सालय रतलाम रेडक्रॉस द्वारा संचालित सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन संबंधी कार्य, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर का एडीएम श्रीमती जमुना भिडे एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन ने सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाऐं सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में बन रहे आयुष्मान कार्ड काउंटर का भी निरीक्षण किया और फ्लैक्स एवं माईकिंग की सुविधा करते हुए आगंतुकों को सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय रतलाम के ओपीडी कक्ष में पात्र हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोई भी आवेदक अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी का परीक्षण कराकर पात्र होने की दशा में निशुल्क आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते है।


सिंघम 3/9/21



# विधायक काश्यप से मिले डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधि

रतलाम। केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई 2022 से 50 माइक्रान से कम वाले सिंगल युज प्लास्टिक डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण 50 माइक्रान से अधिक के डिस्पोजल का ही उपयोग किया जा सकेगा। व्यापारी वर्ग इसकी तैयारी आरंभ करें और शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग दें। यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा में कही। संघ का प्रतिनिधि मण्डल नगर निगम द्वारा 1 अक्टूबर 2021 से ही सिंगल युज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही आरंभ करने की चेतावनी देने के कारण उपज रही परेशानी बताने आया था। श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा कर व्यापारियों को जुलाई 2022 तक शहर में 50 माइक्रोन से कम का सिंगल युज प्लास्टिक समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। डिस्पोजल व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शहर में संघ की ओर से बोर्ड लगाकर डिस्पोजल को निर्धारित डस्टबीन में डालने एवं शहर को स्वच्छ रखने में सहभागी बनने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान संघ सचिव अर्पित अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल पोखरना, त्रिलोक चंदानी, शेखर घोचा एवं प्रवीण चौपड़ा आदि मौजूद रहे।

इन्दौर समाचार 4/9/21




# विधायक काश्यप से मिले डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधि

रतलाम । केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई 2022 से 50 मांइक्रान से कम वाले सिंगल युज प्लास्टिक डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण 50 माइक्रान से अधिक के डिस्पोजल का ही उपयोग किया जा सकेगा। व्यापारी वर्ग इसकी तैयारी आरंभ करें और शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग दें। यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा में कही। संघ का प्रतिनिधि मण्डल नगर निगम द्वारा 1 अक्टूबर 2021 से ही सिंगल युज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही आरंभ करने की चेतावनी देने के कारण उपज रही परेशानी बताने आया था। श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा कर व्यापारियों को जुलाई 2022 तक शहर में 50 माइक्रोन से कम का सिंगल युज प्लास्टिक समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। डिस्पोजल व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शहर में संघ की ओर से बोर्ड लगाकर डिस्पोजल को निर्धारित डस्टबीन में डालने एवं शहर को स्वच्छ रखने में सहभागी बनने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान संघ सचिव अर्पित अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल पोखरना, त्रिलोक चंदानी, शेखर घोचा एवं प्रवीण चौपड़ा आदि मौजूद रहे।

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में बैंक गंभीरता बरतें- कलेक्टर

स्वदेश

नाम ● स्वदेश समाचार

सन की प्राथमिकता वाली योजनाओं ऋण स्वीकृति में किसी तरह का विलंब हो। निर्धारित लक्ष्य पूर्ति के लिए बैंक पूर्ण गंभीरता से काम करें। ले एक सप्ताह में इस तत्परता की स नजर आनी चाहिए।

उक्त निर्देश कलेक्टर सभाकक्ष में योजित बैठक में कलेक्टर ' कुमार षोत्तम ने दिए। बैठक में प्रधानमंत्री वास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि जना, पथ विक्रेता योजना एवं स्व-सहायता समूह के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं के संबंध में जितने भी प्रकरण बैंकों में लंबित है उनका निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने कहा कि जितने भी पथ विक्रेता हैं उनके पास हाथ ठेला हो जाए तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके लिए बैंक चाहे तो कैंप लगाकर एक साथ प्रकरणों को स्वीकृत कर सकते हैं। शासन की



प्राथमिकता ही हमारी प्राथमिकता है, इस उद्देश्य को मन में रखकर आपको इन योजनाओं पर फोकस करना होगा। गरीब को इस समय काम की आवश्यकता है। उसकी आर्थिक व्यवस्था बेहतर होगी तो जीवन स्तर सुधरेगा।

विधायक चेतन काश्यप ने कहा कि सभी बैंकर्स इन योजनाओं को गंभीरता लेंगे तो जरूरतमंदों को समय पर लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति के लिए आ रही समस्याओं को दूर करें। खासतौर से आवासीय योजनाओं में लोग शीघ्र से शीघ्र अपने घरों में प्रवेश करें यह आवश्यक है। इन लोगों को घर मिलते ही झुग्गी मुक्त शहर का सपना भी साकार होगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झरिया ने नगर निगम द्वारा ईडब्ल्यूएस, एमआईजी, एलआईसी योजना के तहत निर्मित आवासों की जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं में बैंकर्स से सहयोग का आग्रह किया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर एवं विभिन्न बैंकों से उपस्थित शाखा प्रबंधकों ने बैंक द्वारा ऋण प्रकरणों में की गई स्वीकृति से अवगत कराया।

स्वदेश ५/७/२१

**कोरोना मृत्यु प्रमाण पत्र :** केंद्र ने मांगी मोहलत, सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा...

# 'सरकारी गाइडलाइन बनने तक तो तीसरी लहर भी खत्म हो जाएगी'

पत्रिका

## गाइडलाइन बनाने की दिशा में कार्य जारी: सरकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कोरोना मृत्य प्रमाण पत्र जारी करने के आदेशों की पालना में शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से एक और सप्ताह की मोहलत मांगी। इस पर न्यायाधीश एमआर शाह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने बहुत समय पहले आदेश पारित किया था। हम पहले ही एक बार समय बढ़ा चुके हैं। लगता है जब तक आप गाइडलाइन तैयार करेंगे, तब तक कोरोना की तीसरी लहर भी खत्म हो जाएगी।

न्यायाधीश शाह और न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस की पीठ ने केंद्र सरकार को 11 सितंबर को या उससे पहले अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 अगस्त को दिए आदेश में सरकार को 3 सितंबर तक गाइडलाइन का हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया था। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार कोरोना मृत्यु प्रमाण पत्र गाइडलाइन बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

**हलफनामा दाखिल करो**



## मुआवजे के निर्देश का आदेश दिया था

सुप्रीम कोर्ट ने 30 जून के अपने आदेश में कोरोना से मौत के मामलों में आश्रितों को मुआवजा राशि तय करने के आदेश दिए थे।

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ***दिशा निर्देश तैयार*** करे।
- मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की ***प्रक्रिया को सरल बनाया*** जाए।
- मृत्यु प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से कोरोना से ***मौत होने का उल्लेख*** किया जाए।
- यदि कोरोना ग्रस्त की मौत किसी अन्य ***बीमारी या जटिलता*** से भी हुई हो तो भी मौत का कारण कोरोना लिखा जाए।
- यदि ***मृत्यु प्रमाण पत्र जारी*** भी हो गए हों तो उनमें आवश्यक संशोधन किया जाए।

## चार लाख पर सरकार का इनकार...

**सुप्रीम कोर्ट** ने 30 जून आदेश दिया था कि कोरोना से हुई मौत पर सरकार ही मुआवजा तय करे। सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के आश्रित को चार लाख रुपए के मुआवजे से इनकार किया गया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट कहा था कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऐसी व्यवस्था करे जिससे पीड़ितों को न्यूनतम मुआवजा मिल सके।

**कानपुर आइआइटी** **बरतनी होगी सावधानी**

## फिलहाल कोरोना पस्त, बूस्टर डोज की आवश्यकता नहीं

**कानपुर @ पत्रिका.** आइआइटी कानपुर के प्रो. मनिंद्र अग्रवाल का कहना है कि उत्तरप्रदेश में 100 लोगों की जांच में अब सिर्फ एक संक्रमित पाया जा रहा है। इसलिए अब वैक्सीन के बूस्टर डोज लगवाने की जरूरत न के बराबर है। सोशल डिस्टेंसिंग और इम्यूनिटी बूस्ट कर संक्रमण से बचा जा सकता है। प्रो. अग्रवाल के अनुसार यूपी में बिना लक्षण वाले कोरोना के मामले अधिक हैं। उनका कहना है संपूर्ण कलस्टर का बिना लक्षण वाला होना बेहद अहम है। क्योंकि कलस्टर में एक भी केस है तो वह व्यापक परीक्षण को तेजी से बढ़ाएगा। यह एक विसंगति है। इसे गणितीय भाषा में एप्सिलॉन कहते हैं। यूपी में एप्सिलॉन 1/100 के आसपास है। इसका मतलब है कि 100 में एक मामला मिल रहा है।

### टीकाकरण से रुका वायरस संक्रमण

**यूपी** में संक्रमण के अधिक मामले न आने के संबंध में प्रो. अग्रवाल का कहना है कि अधिकतर लोगों के कोरोना प्रभावित होने के बाद ठीक होने, अधिक टीकाकरण और तीन चौथाई आबादी में हुई हार्ड इम्युनिटी बनने से यह संभव हुआ है।

### अलक्षणी रोग क्या है

**अलक्षणी** रोग(एसिम्पटोमटिक) उसे कहते हैं,जिससे ग्रसित व्यक्ति में संबंधित रोग कोई लक्षण सामने न आते हों। कोरोना में ऐसे लोगों आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के बाद ही रोग की स्पष्ट तौर पर पुष्टि हो पाती है।

**केरल** **11वीं की ऑफलाइन परीक्षा पर रोक**

**सुप्रीम** कोर्ट ने केरल में 6 सितंबर से होने वाली 11वीं कक्षा की ऑफलाइन परीक्षाओं पर रोक के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केरल में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बच्चों को जोखिम में नहीं डाला जा सकता है। केरल में कोरोना के रोज 30 हजार से अधिक केस आ रहे हैं।

पत्रिका 4/9/21

# चेतावनी के बाद भी भैसों के तबेले न हटाने पर निगम ने पांच तबेलों को तोड़ा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले हटाने का अभियान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा प्रारंभ किया गया जिसके तहत गुरुवार को 5 तबेलों को तोड़ा गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भैंसों के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे अलकापुरी स्थित बंजारा बस्ती से नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ प्रारंभ किया गया। तबेले संचालक शरीफ खां हसन खां, बशीर खां हसन खां को दो दिवस पूर्व में अंतिम रूप से सूचना दी गई की वे अपने तबेलों को स्वयं हटा लें किन्तु तबेले नहीं हटाए जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया। इसके पश्चात शेरानीपुरा खेड़ा में तबेला संचालक असलम बशीर खां, ठंकाला रोड पर विष्णु भेरूलाल गुर्जर, सूरजमल जैन नगर में बालकृष्ण दयाशंकर शर्मा व शेरानीपुरा में हमीद माजिद के तबेले को तोड़कर भविष्य में नगरीय क्षेत्र में तबेले संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। नगरीय क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले एवं बाड़े को तोड़ने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। तबेले हटाने की कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले के साथ ही पुलिस का अमला भी उपस्थित था।

स्वदेश 4/9/21

# बेकाबू डेंगू : जिले में तेजी से पांव पसार रहे डेंगू और वायरल बुखार, अब तक डेंगू के 220 मामले

## जांच करवाने के लिए लग रही कतार

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

जिले में डेंगू के साथ वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे है। जिला अस्पताल में बुखार और डेंगू के मरीजों की कतार लग रही है। जांच करवाने के लिए मरीजों को पैथोलॉजी लैब के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के वार्ड में भी बैड फुल होने की स्थिति में है। पैथोलॉजी लैब के गलियारे में ही मरीजों को नीचे लेटा कर उपचार किया जा रहा है। अप्रैल के महीने में कोरोना की जांच के लिए जिस तरह फीवर क्लिनिकों के बाहर लोगों की कतारें नजर आ रही थी कुछ ऐसे ही हालात रतलाम जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब के बाहर देखने को मिल रहे हैं।




जिले में जुलाई के महीने में पल्दुना गांव में सबसे पहले डेंगू के मामले सामने आए थे। जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के साथ रतलाम शहर में भी डेंगू के कई मामले सामने आए हैं। रतलाम जिले में अब तक 220 से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। बीते 2 दिनों में ही डेंगू के 20 नए केस भी सामने आए हैं । यही नहीं वायरल बुखार के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिसकी वजह से जिला अस्पताल की ओपीडी और पैथोलॉजी लैब के बाहर मरीजों की लाइन लग रही है। जिला अस्पताल में डेंगू की जांच किट भी खत्म हो चुकी है।

जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन अलर्ट पर है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर संदिग्ध डेंगू के मरीजों की पहचान में जुटी हुई है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड भी शुरू किया गया है। जहां मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। वहीं मेडिकल कॉलेज में ही डेंगू के संदिग्ध मरीजों की जांच की व्यवस्था की जा रही है।

सिंघम-3

## सैलाना नगर परिषद कर्मचारी की डेंगू से मौत

**सिंघम रिपोर्टर ❑ सैलाना**

डेंगू पीड़ित नगर परिषद में सहायक वर्ग-तीन के पद पर कार्यरत सुरेश भूरिया पुत्र धूलसिंह का गुरुवार सुबह रतलाम के निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे आलीराजपुर जिले के भाभरा के समीप पारा गांव के निवासी थे।

जानकारी के मुताबिक आठ-दस दिन पहले वह अपने गृह ग्राम पारा गए थे। वहां पर तबीयत खराब होने पर किसी परिचित डाक्टर से इलाज करवाया और ठीक हो गए। जन्माष्टमी पर अपने माता-पिता के पास होशंगाबाद के पिपरिया भी गए थे और उनसे मिलकर वापस सैलाना आ गए थे। यहां आफिस आकर काम भी करने लगे थे कि अचानक मंगलवार शाम को फिर से तबीयत एक दम खराब होने लगी तो वह स्वयं रतलाम के निजी चिकित्सालय में जाकर भर्ती हो गए।

इधर, भर्ती की जानकारी मिलने पर रात को सीएमओ जेपी गुहा ने अधीनस्थ कर्मचारी धीरज को रतलाम भेजा। धीरज रात में भूरिया के साथ ही रुके। गुरुवार रात को तीन यूनिट रक्त भी चढ़ाया गया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। रात में सुरेश भूरिया की तबीयत ज्यादा खराब होने पर साथी कर्मचारी धीरज ने सीएमओ को दूरभाष पर सूचना दी।

मुख्य नगर परिषद अधिकारी ने तुरंत परिषद के कर्मचारी सुरेंद्रसिंह चौहान, अभिमन्यु ग्वाले, शैलेंद्रसिंह राठौर तथा संदीप चारण को अस्पताल भेजकर अच्छा इलाज करवाने के निर्देश दिए। रात में ही कर्मचारी के पहुंचने पर इलाज भी प्रारंभ हो चुका था, लेकिन गुरुवार सुबह 10.30 बजे सुरेश ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि भूरिया की प्लेटलेट काफी कम हो गई थी और ब्लडिंग भी ज्यादा हो गई थी।

सिंघम - 3/9/21

# ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को शीघ्र मिलेगा धोलावाड़ का मीठा पानी

## निगम आयुक्त झारिया ने स्थलों का निरीक्षण

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

धोलावाड़ रोड स्थित ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री सुहास पंडित, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, पूर्व पार्षद सतीश भारतीय के साथ स्थलों का निरीक्षण कर पेयजल सप्लाय प्रारंभ करने के निर्देश संबंधितों को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया को निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्रों में पेयजल पाईप लाईन डाली जाकर उन्हे मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा भी जा चुका है किन्तु रोड़ निर्माण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय नहीं हो पा रहा है, पाईप लाईन दुरस्ती के पश्चात उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय के साथ ही शंकरगढ़ व राम नगर में पेयजल सप्लाय प्रारंभ किया जा सकता है।




इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि पाईप लाईन दुरस्ती का कार्य शीघ्र किया जाकर पेयजल सप्लाय प्रारंभ की जाये साथ ही कैम्प लगाकर नागरिकों की जलकर डायरी भी 10 दिनों में बनाई जाये।

मोती नगर के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी भवन निर्माण कार्य का निगम आयुक्त श्री झारिया ने अवलोकन कर हितग्राहियों से भवन निर्माण हेतु अब तक कितनी किष्ते प्राप्त हुई है की जानकारी ली।

सिंघम-3

## नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 1 सितम्बर बुधवार को नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 1 सितम्बर मंगलवार को चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर हेमन्त-जसवंत सोनी गुजरात व गौरव विजेन्द्र गादिया चांदनी चौक पर 500-500, संभव-सुभाष, नवदीप-जयंतलाल मूणत, विशाल-ईश्वरसिंह नवीन-रमेशचन्द्र राहोरी पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

सिंघम - 3/9/21

# चार लाख से अधिक के राशन की अफरा-तफरी

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर सराय स्थित उचित मूल्य की दुकान जय भारत उपभोक्ता भंडार में चार लाख से अधिक की खाद्यान्न सामग्री की अफरा-तफरी करने का मामला सामने आया है। खाद्य विभाग ने विक्रेता आरोपित सुरेंद्र सोनकर पुत्र रतनलाल सोनकर के खिलाफ दीनदयाल नगर थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित दुकानदार सुरेंद्र के खिलाफ भादंवि की धारा 406 व आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खाम्बेटे ने प्रतिवेदन देकर बताया कि दुकानदार सुरेंद्र द्वारा खाद्यान्न का उठाव व वितरण नहीं करने की शिकायत मिलने पर 19 अगस्त को दुकान की जांच की गई थी। जांच में पाया गया कि दुकानदार द्वारा जुलाई व अगस्त में दुकान बंद रखी गई, निर्देशों का पालन नहीं किया। दुकान में खाद्यान्न अव्यवस्थित रखा हुआ था। स्टाक रजिस्टर का संधारण भी नहीं किया।

पोर्टल के अनुसार दुकान में जांच के समय गेहूं 111.5 क्विंटल, चावल 100.44 क्विंटल, नमक 4:19 क्विंटल, शक्कर 51 किलो कम पाई गई। दुकानदार द्वारा हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण न करते हुए अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए अफरा-तफरी कर उक्त खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 4.30 लाख है। वहीं केरोसिन का उठाव एक वर्ष से नहीं किया गया। केरोसिन डीलरों का भुगतान शेष होने से उन्होंने प्रदाय ही नहीं किया। नईदुनिया

नईदुनिया 5/9/21

जयभारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार नित्यानंद मार्केट के संचालक सुरेंद्र सोनकर पर केस दर्ज

# उचित मूल्य दुकान संचालक ने गरीबों का राशन हड़पा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** पिछले महीनों में रावटी, शिवगढ़ और बाजना के राशन घोटाले का मामला अभी चल रहा है। इस पर शहर की एक राशन दुकान के संचालक सुरेंद्र पिता रतनलाल सोनकर द्वारा भी गरीबों के राशन पर डाका डालने का मामला सामने आया है। राशन दुकान की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आए कि गेहूं, चावल, नमक जो गरीबों को दिए जाने थे वे दुकान संचालक ने बेच डाले। डीडीनगर पुलिस ने कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी की रिपोर्ट पर दुकान संचालक सुरेंद्र सोनकर पर केस दर्ज किया है।

## यह कम निकला

गेहूं - 111.50 क्विंटल
चावल - 100.44 क्विंटल
नमक 4.79 क्विंटल
शक्कर - 0.50 क्विंटल

हाट रोड पुलिस चौकी प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी रश्मि खंबेटे की तरफ से मिले पत्र के अनुसार नित्यानंद मार्केट शहर सराय स्थित जयभारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक सुरेंद्र पिता रतनलाल सोनकर की दुकान की जांच की गई जिसमें स्टाक रजिस्टर और मौके पर पाए गए गेहूं, चावल, नमक, केरोसीन आदि का वेरिफिकेशन किया गया तो काफी अंतर सामने आया। इस पर सुरेंद्र सोनकर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2015 की कंडिका 10(3), 10(3), 11(8) (9), 13(2), 18 के तहत केस दर्ज किया गया है। खाद्य विभाग के पंचनामे पर हस्ताक्षर करने से पहले ही दुकान संचालक दुकान छोड़कर भाग गया। पत्रिका

पत्रिका 5/9/21

पत्रिका/

नगर निगम का अमला मलेरिया विभाग से मांग रहा मदद और दवा

# जिले में लगातार बढ़ रहा डेंगू का दंश जांच के साथ दवाओं का टोटा

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** रतलाम में डेंगू का दंश लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां के हालात अब लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। हर दिन जांच में नए डेंगू के के सामने आ रहे हैं जिसके चलते यह आंकड़ा बढ़कर अब 220 के करीब पहुंच गया है। डेंगू के बढ़ते मामलों पर रोक के लिए नगर निगम का अमला पूरी तरह से मलेरिया विभाग पर आश्रित नजर आ रहा है। यहां पर जांच किट से लेकर दवाओं तक का टोटा पड़ा नजर आ रहा है। ऐसे में इनकी व्यवस्था को लेकर मलेरिया विभाग की टीम लगातार जुटी हुई है।

शहर में लगातार बढ़ते डेंगू के मामलों के बीच कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा नगर निगम की टीम को शहर के सभी हिस्सों में दवा छिड़काव के निर्देश दिए गए थे। उसके बाद निगम की टीमें विभिन्न इलाकों में दवा छिड़काव के लिए पहुंची भी लेकिन अब उनके पास भी दवाओं का टोटा पड़ गया है ऐसे में दवा के लिए अब निगम का अमला मलेरिया विभाग पर निर्भर है और उन्हीं से मदद और दवा मांग रहा है।

## थम गया जांच का दौर

वहीं दूसरी ओर डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच मलेरिया विभाग के पास इसकी जांच करने के लिए उपलब्ध कीट भी खत्म हो चुकी है। बीते दो दिनों से डेंगू के मामलों की जांच किट के अभाव में रुकी हुई है। बुधवार के बाद गुरुवार के दिन भी डेंगू की जांच नहीं हो सकी। स्वास्थ्य विभाग की माने तो संभवत शुर वार को पर्याप्त मात्रा में डेंगू की किट उपलब्ध हो जाएगी। किट के दो सेट आ रहे हैं जिनके माध्यम से लगभग 200 व्यक्तियों की जांच हो सकेगी।

## अफवाहों से सावधान

वहीं दूसरी और मलेरिया विभाग के द्वारा सोशल मीडिया पर डेंगू से मौत, से जुड़े समाचारों को लेकर उन्हें गलत ठहराया है और लोगों को इस तरह की अफवाहों से सावधान रहने की हिदायत दी है। विभाग की माने तो अब तक जिले में डेंगू के कारण किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है कुछ लोग गंभीर हालत में बीमार हुए थे लेकिन वर्तमान में वह स्वस्थ है। दरअसल जिला अस्पताल के साथ की मेडिकल कॉलेज में भी अब इसके उपचार की सुविधा शुरू हो चुकी है। दोनों स्थानों पर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है।

## नहीं किसी की मौत

जिले में डेंगू से अब तक एक भी मौत नहीं हुई है। जांच किट खत्म हो गई है जो कि शुक्रवार को आ जाएगी। अब जो किट आ रही है, उससे अगले दो वहां तक डेंगू की जांच हो सकेगी, दवा छिड़काव के लिए निगम के पास दवा नहीं होने पर निगम को दवाई उपलब्ध कराई गई। **डॉ प्रमोद प्रजापति,** जिला मलेरिया अधिकारी, रतलाम

पत्रिका/ 4/9/21

## जिला चिकित्सालय रतलाम में कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ

रतलाम। जिले में सभी आमजन को कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला चिकित्सालय रतलाम में ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिला चिकित्सालय रतलाम रेडक्रॉस द्वारा संचालित सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन संबंधी कार्य, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर का एडीएम श्रीमती जमुना भिडे एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन ने सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाऐं सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंनें जिला चिकित्सालय में बन रहे आयुष्मान कार्ड काउंटर का भी निरीक्षण किया और फलेक्स एवं माईकिंग की सुविधा करते हुए आगंतुकों को सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सलय रतलाम के ओपीडी कक्ष में पात्र हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोई भी आवेदक अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी का परीक्षण कराकर पात्र होने की दशा में निशुल्क आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते है। कोविड वैक्सीनेशन के लिए भी जिला चिकित्सालय रतलाम की ओपीडी पर्ची काउंटर के पास 18 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही अपने मोबाईल और आधार कार्ड के आधार पर कोविड वैक्सीनेशन प्रतिदिन करा सकते है। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा एवं डॉ. रजत दुबे, लोकेश वैष्णव उपस्थित रहे।

इन्दोर समाचार 5/9/21

## जिला अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन शुरू

रतलाम। जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। गुरुवार को रेडक्रॉस द्वारा संचालित सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर का एडीएम जमुना भिडे एवं डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन ने निरीक्षण किया। आयुष्मान कार्ड बनाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोई भी आवेदक अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी का परीक्षण कराकर पात्र होने की दशा में निशुल्क आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर, आरएमओ डा. योगेश नीखरा एवं डा. रजत दुबे, लोकेश वैष्णव उपस्थित रहे।

दैनिक दुनिया 5/9/21

### बेकाबू डेंगू...

## एलाइजा टेस्ट शुरू, 288 लोगों के लिए अस्पताल में पहुंची किट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू की जांच पर लगा ब्रेक अब हट गया है। शुक्रवार को शहर में 288 लोगों के लिए जांच की किट पहुंच गई। दोपहर 2 बजे से टेस्ट लगना भी शुरू हो गए, हालांकि, शाम तक परिणाम नहीं मिले हैं। अधिकारियों के मुताबिक अब शनिवार को रिपोर्ट आएगी।

202 लोगों के सैंपल एलाइजा टेस्ट से पॉजिटिव आ चुके हैं। साल 2018 के बाद ऐसा हुआ है जब डेंगू के मामले नए रिकॉर्ड के करीब पहुंच रहे हैं। साल 2018 में शहर में 242 मामले सामने आए थे। शुक्रवार को शहर में 3 किट मिली, एक किट से 96 लोगों की जांच हो सकती है। दोपहर से डेंगू के टेस्ट लगना भी शुरू हो गए। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया सैंपलों की रिपोर्ट शनिवार को मिलेगी।

**शहर में डबल गन वाली फॉगिंग मशीन** - इधर, शुक्रवार से शहर में फॉगिंग के लिए डबल गन वाली अतिरिक्त मशीन भी लगी। इस मशीन से नगर निगम का अमला अलग-अलग इलाकों में फॉगिंग करेगा। नगर निगम अधिकारियों ने पूजन कर मशीन की शुरुआत की। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने बताया अब कुल 3 मशीन हो गई है। इनसे सभी इलाकों में फॉगिंग की जा रही है।

भास्कर

# राशन ले रहे थे एक करोड़ अपात्र, नाम हटाए

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों की सूची से एक करोड़ से ज्यादा अपात्रों के नाम हटाए गए हैं। इनमें बड़ी संख्या में वे व्यक्ति शामिल हैं, जिनके नाम सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज थे। लाखों संपन्न व्यक्तियों ने भी अपने नाम सूची में जुड़वाकर रखे हुए थे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी वन नेशन-वन राशनकार्ड योजना के लिए हितग्राहियों का सत्यापन हुआ और आधार नंबर से दोहराव की पड़ताल की गई, तब यह राजफाश हुआ। प्रदेश में अब चार करोड़ 90 लाख उपभोक्ता हैं, जिन्हें प्रतिमाह 25 हजार 400 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

खाद्य विभाग के तत्कालीन संचालक तरुण कुमार पिथोड़े ने बताया कि हमने अभियान चलाया तो एक करोड़ से अधिक अपात्रों के नाम सूची में होने की बात सामने आई। सबसे पहले इनके नाम सूची से हटाए और पात्र व्यक्तियों को चिन्ह‍ित किया गया। लगभग 46 लाख नए हितग्राहियों के नाम सूची में शामिल किए। इन सभी को पात्रता अनुसार उचित मूल्य की राशन दुकान से खाद्यान्न मिल रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वास्तविक हितग्राहियों की पड़ताल कराई थी।

### प्रदेश में सख्ती

- अपात्रों को सूची से हटाकर जोड़े गए 46 लाख वास्तविक गरीबों के नाम
- चार करोड़ 90 लाख व्यक्तियों को प्रतिमाह दिया जा रहा है खाद्यान्न

### हर माह दो लाख 70 हजार टन लगता है गेहूं-चावल

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में हर माह लगभग दो लाख 70 हजार टन गेहूं और चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरित होता है। मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार प्रति किलोग्राम एक रुपये की दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराती है।

### 98% से अधिक हितग्राहियों को आधार से लिंक किया

इतना ही नहीं, व्यवस्था में सुधार करते हुए सभी दुकानों में प्वाइंट आफ सेल्स मशीन के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था लागू कर दी गई है। कुछ दुकानें, जहां नेटवर्क की समस्या है, उन्हें छोड़कर बाकी जगह पात्रों को राशन मिल रहा है। 98 फीसद से अधिक हितग्राहियों को आधार से लिंक किया जा चुका है। उपभोक्ताओं को यह सुविधा भी दी गई है कि वे यदि निर्धारित उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं लेना चाहते हैं तो अपनी पसंद की दुकान का चयन कर सकते हैं। 40 लाख 85 हजार 192 उपभोक्ताओं ने अगस्त 2020 से 2021 तक इस सुविधा का लाभ उठाया और दूसरे जिले या दूसरी दुकान से राशन प्राप्त किया।

गरिमा

नईदुनिया 4/9/21

मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने गाइडलाइन बनाने में देरी पर SC की फटकार

# तीसरी लहर भी चली जाएगी, आपकी गाइडलाइन कब बनेगी?

एजेंसी ● नई दिल्ली
editor@peoplessamachar.co.in

कोरोना महामारी के चलते जान गंवाने लोगों के परिवारों को मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए दिशा-निर्देशों को तैयार करने में देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया है कि 11 सितंबर तक इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करें। जस्टिस एमआर शाह व अनिरुद्ध बोस की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, हमने इस संबंध में काफी पहले आदेश जारी किया था। हम पहले ही एक बार अवधि बढ़ा चुके हैं। इस हिसाब से तो जब तक आप दिशा-निर्देश तैयार कर पाएंगे तब तक कोरोना की तीसरी लहर भी आकर जा चुकी होगी।

वहीं, केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया, सब कुछ विचाराधीन है। इस संबंध में याचिकाकर्ता अधिवक्ता गौरव बंसल ने कोर्ट से कहा, विचाराधीन होने का बहाना करके इसमें देरी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट 16 अगस्त को केंद्र को 4 सप्ताह का अतिरिक्त समय दे चुकी है ताकि मुआवजे के भुगतान के लिए गाइडलाइन बनाई जा सके, लेकिन केंद्र और समय मांग रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा और केंद्र सरकार की दलील



### मुआवजे को लेकर केंद्र सरकार ले निर्णय

कोर्ट ने कहा, यह केंद्र पर निर्भर करता है कि वह उस समय अवधि के अंदर मुआवजे पर निर्णय करे। कोर्ट ने 30 जून के फैसले में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश दिया था कि कोविड के कारण जिन लोगों की मौत हुई है उनके परिवार को मुआवजा देने के लिए 6 सप्ताह के अंदर दिशा-निर्देश तय करें।

### 10 दिन का और समय देने से कोर्ट ने किया इनकार

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को कहा-हमें खेद है हम हलफनामा नहीं दे पाए। अदालत 10 दिन का और समय दे, क्योंकि इस मुद्दे पर सरकार विशेषज्ञों से चर्चा कर रही है, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी 11 सितंबर को देने को कहा।

- 30 जून को जारी आदेश में कोर्ट ने कहा था- मौत का सही कारण कोविड-19 से हुई मृत्यु के रूप में बताना चाहिए, ताकि मृतक पर निर्भर लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।
- जस्टिस एमआर शाह और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की डबल बेंच ने केंद्र को 11 सितंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।
- केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वासन दिया कि सब कुछ विचाराधीन है।
- बेंच ने कहा कि हमने बहुत समय पहले आदेश जारी किया था और एक बार समय भी बढ़ा चुके हैं, लेकिन सरकार देरी कर रही है।
- सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया, मामले में जल्द लिया जाएगा फैसला।

**केरल:** इधर, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## कोरोना संक्रमण बढ़ने के कारण 11वीं की परीक्षा करवाने पर लगाई अंतरिम रोक

तिरुवनंतपुरम। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच केरल सरकार द्वारा राज्य में कक्षा 11वीं की परीक्षा आयोजित करने के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने शुक्रवार, 03 सितंबर, 2021 को केरल सरकार के 11वीं या प्लस वन परीक्षा 06 सितंबर से आयोजित करने के फैसले पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। सरकार के निर्णय पर रोक लगाने का निर्णय राज्य भर में कोविड के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर किया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि यह देखते हुए कि केरल में देश में सबसे अच्छा चिकित्सा ढांचा है, फिर भी कोविड मामलों को काबू करने में असमर्थ है, इसलिए कम उम्र के बच्चों को जोखिम के संपर्क में नहीं लाया जा सकता है। न्यायमूर्ति खानविलकर की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, केरल में स्थिति चिंताजनक है।

पिपुल्स

पिपुल्स समाचार 5/9/21

# जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित

## विधायक काश्यप से मिले डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधि



विधायक चेतन्य काश्यप से चर्चा करते हुए डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधि।

नईदुनिया

**रतलाम।** केंद्र सरकार द्वारा जुलाई 2022 से 50 माइक्रान से कम वाले सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण 50 माइक्रान से अधिक के डिस्पोजल का ही उपयोग किया जा सकेगा। व्यापारी वर्ग इसकी तैयारी आरंभ करें और शहर को साफ व स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा में कही। संघ का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम द्वारा एक अक्टूबर 2021 से ही सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही आरंभ करने की चेतावनी देने के कारण उपज रही परेशानी बताने आया था। काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा कर व्यापारियों को जुलाई 2022 तक शहर में 50 माइक्रोन से कम का सिंगल यूज प्लास्टिक समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

डिस्पोजल व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शहर में संघ की ओर से बोर्ड लगाकर डिस्पोजल को निर्धारित डस्टबिन में डालने व शहर को स्वच्छ रखने में सहभागी बनने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान संघ सचिव अर्पित अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल पोखरना, त्रिलोक चंदानी, शेखर घोचा एवं प्रवीण चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

नईदुनिया

नईदुनिया ५/९/२१

# निगम के अमले ने नौ तबेलों को तोड़ा

**रतलाम।** शहर को साफ-स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम एक्ट के विरुद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले व बाड़े हटाने का अभियान दूसरे दिन शुक्रवार को युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके तहत पटरी पार क्षेत्र के नौ भैंसों के तबेलों को तोड़ा गया।

भैंसों के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य सुबह 10 बजे विरियाखेड़ी से नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ प्रारंभ किया गया। तबेले संचालक अफजल-अकबर, इरफान बैलूत व मुन्नाभाई पूर्व में सूचना दी गई थी कि अपने तबेलों को स्वंय हटा लें, लेकिन तबेले नहीं हटाए जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया। इसके पश्चात एमबी नगर में चंदरसिंह-बापूसिंह, कामर्स कॉलेज के सामने मालवा डेरी फार्म, मोहन नगर में कमल घोसी व रेल नगर में रामकुमार यादव व राजेंद्र यादव के दो तबेले को तोड़कर भविष्य में नगरीय क्षेत्र में तबेले संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम अमले द्वारा जिन भैंस पालकों के तबले तोड़े गए हैं, उनसे 15 हजार रुपये प्रति घंटे मान से राशि वसूल की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर, राजस्व उप निरीक्षक सुनील कपूर, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, दरोगा राजू कल्याणे, प्रेमचंद फतरोड, ब्रजेश खरे, चंदन तंवर आदि उपस्थित थे। नईदुनिया



रतलाम में एक तबेले का शेड तोड़ती हुई जेसीबी। ●नईदुनिया

नईदुनिया 5/9/21

तबेला हटाओ मुहिम

# दूसरे दिन नौ तबेले जमींदोज, दो दिन में 15 हटाने का लक्ष्य

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

तबेलों को हटाने की मुहिम शुक्रवार को भी चली। दूसरे दिन 9 तबेले जमींदोज किए गए। दो दिन में 14 तबेले तोड़े जा चुके हैं। शहर में 15 तबेले और रह गए हैं। इनको भी तोड़ा जाएगा। मुहिम के दूसरे दिन पटरी पार के तबेलों निशाने पर रहे। शुरुआत विरियाखेड़ी से हुई, जहां विरियाखेड़ी में अफजल अकबर, इरफान बैलूत और मुन्नाभाई के तबेले हटाए गए। इन्हें पहले सूचना दी गई थी, लेकिन तबेले नहीं हटाए। इसके पश्चात एमबी नगर में चंदर सिंह बापूसिंह, कॉमर्स कॉलेज के सामने मालवा डेरी फार्म, मोहन नगर में कमल घोसी और रेल नगर में रामकुमार यादव, राजेंद्र यादव के तबेले को जेसीबी से तोड़ा गया। सभी को चेतावनी भी दी गई कि आगे से तबेले नहीं बनाएं। सभी पर 15 हजार रुपए प्रति घंटे मान से शुल्क भी वसूला जाएगा। कार्रवाई स्वास्थ्य, लोक निर्माण और राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से की। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया मुहिम लगातार चलेगी। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, दीक्षा निजामपुरकर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 5/9/21

# सुभाष शॉपिंग काम्लेक्स की दुकाने विक्रय हेतु कार्यशाला संपन्न

## कार्यशाला में निविदा प्रक्रिया व शर्तों से कराया अवगत

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग महू रोड पर स्थित सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारी, दुकानदार व नागरिकों को दुकानें क्रय करने हेतु निविदा प्रक्रिया व शर्तों से अवगत कराया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आयोजित कार्यषाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुभाशचन्द्र षॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित जानकारी से नागरिकों को अवगत कराते हुए बताया कि 102 दुकानों मे से शेष 99 दुकानों का विक्रय नगर निगम द्वारा ऑन लाईन निविदा के माध्यम से किया जाना है जिसकी निविदा शीघ्र जारी की जायेगी।

उन्होने बताया कि शहर की आबादी के मान से दुकानों का आरक्षण तय कर दिया गया है साथ ही कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार दुकानों का आरक्षित मूल्य भी तय कर दिया गया है।

वर्तमान में दुकानों की रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य प्रारंभ है। काम्पलेक्स में निगम द्वारा कार्यालय संचालित किया जा रहा है कोई भी नागरिक कार्यालय समय में उपस्थित होकर दुकानों की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों को देख भी सकते है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि दुकान आवंटन होने पर 25 प्रतिशत राशि व 120 दिवस या उससे पहले संपूर्ण राशि जमा कराने पर एक सप्ताह में रजिस्ट्र संपादित करा दी जायेगी। आवंटन के समय यदि एक साथ 10 वर्ष की लीजरेंट राशि जमा करा दी जाती है तो उसे फ्री होल्ड किया जाकर संपूर्ण मालिकाना हक प्राप्त होगा इसके पश्चात सिर्फ वार्षिक भू-भाटक ही जमा कराना होगा।

कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास ने इस अवसर पर ऑन लाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दुकान क्रय करने वाले व्यक्ति को ऑन लाईन टेण्डर भरे जाने हेतु सर्विस प्रोवाईडर की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

आयोजित कार्यशाला उपायुक्त विकास सोलंकी, में कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के. जैन, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र गोठवाल के अलावा मुर्तजा तालवाला, राजेन्द्र मूणत, हुसैन जमाली, इलियास खान, शोएब खान, मनीष जोषी, प्रमोद जोगी, उत्कर्ष आचार्य, आदर्श आचार्य, पी.के. आचार्य, मोहम्मद नावेद, राजु, अंकित जैन, गौरव रसेला, अनोखीलाल राठौड़, लक्की राठौड़, रवि प्रजापत, अनिल भटनागर, राहूल वोरा सहित व्यापारी, दुकानदार व नागरिक उपस्थित थे।

सिंघम -3

सिंघम - 3/9/21

रतलाम-शहडोल और विदिशा कॉलेज यूरोपीय मशीन से होंगे संक्रमण मुक्त

# प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में बारकोड से देख सकेंगे लैब की रिपोर्ट, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन शुरू

## सेंट्रलाइज्ड स्टरलाइजेशन सेंटर भी होंगे तैयार, मरीजों को बेडशीट से भी नहीं होगा इंफेक्शन का खतरा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज की लैब को सॉफ्टवेयर से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। सॉफ्टवेयर का इंस्टॉलेशन और काम शुरू हो चुका है। इसका फायदा ये होगा कि मरीजों के सैंपल पर ही बारकोडिंग हो जाएगी जिससे मरीजों के सैंपल देने से उनकी रिपोर्ट का टाइम-टू-टाइम अपडेट मिल सकेगा। इधर प्रदेश के नए मेडिकल कॉलेजों में से तीन कॉलेजों में जल्द ही सेंट्रलाइज्ड स्टरलाइजेशन सेंटर भी तैयार होंगे। इससे मरीजों को डॉक्टर के औजारों से लेकर बेडशीट तक से संक्रमण का खतरा नहीं रहेगा। हाईटेक टेक्नोलॉजी से यह साफ होंगे। इसके लिए इन कॉलेजों में यूरोपीय देशों से आई मशीनें लगाई जा रही हैं। रतलाम में सबसे ज्यादा 7 मशीनें लगेंगी, इसका काम भी शुरू हो गया है।

### लैब की रिपोर्ट ऑनलाइन देख सकेंगे

अब प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों को लैब को सॉफ्टवेयर से जोड़ने की तैयारी भी की जा रही है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में सॉफ्टवेयर का इंस्टॉलेशन हो चुका है। इसका फायदा ये होगा कि बारकोड के माध्यम से मरीजों का पूरा रिकॉर्ड देखा जा सकेगा। सैंपल देने के बाद से ही ऑनलाइन रिपोर्ट की स्थिति पता चलेगी। एचओडी प्रफुल्ल सोनगरा ने बताया कि वार्ड में ही मरीजों की रिपोर्ट देख सकेंगे, इससे इलाज में देरी नहीं होगी।

### लॉकडाउन से स्टरलाइजेशन का काम हुआ था धीमा


रतलाम का मेडिकल कॉलेज।

- स्टरलाइजेशन की मशीनें रतलाम-शहडोल और विदिशा के मेडिकल कॉलेजों में लगाई जा रही हैं।
- कभी भारत तो कभी यूरोपीय देशों में लॉकडाउन लग जाने के कारण यह काम अब तक नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब इसे तेजी से पूरा किया जा रहा है।
- मशीनों से सभी विभाग में आने वाले सामान को संक्रमण मुक्त किया जाएगा। सर्जरी में उपयोग होने वाले उपकरणों को स्टेरीलाइज करके ही इसका इस्तेमाल किया जाएगा।
- मरीजों को बेडशीट से संक्रमित होने का खतरा भी ज्यादा रहता है, इसके लिए बेडशीट को आसानी से स्टरलाइज करेंगे। इंजेक्शन सहित अन्य सभी उपकरण संक्रमण मुक्त होंगे।
- किसी भी कॉलेज को संक्रमण फ्री करना एक अहम प्रोसेस होती है, अब तक यह प्रक्रिया पुराने मेडिकल कॉलेजों में है। नए मेडिकल कॉलेजों में अब शुरुआत की जा रही है।
- तीनों कॉलेजों में सीएसएसडी विभाग भी शुरू किए जाएंगे।

### रतलाम में सबसे ज्यादा सात मशीनें लगाई जाएंगी

*प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की लैब में ऑनलाइन लैब सॉफ्टवेयर का इंस्टॉलेशन किया जा रहा है। रतलाम में माइक्रोबायोलॉजी लैब से शुरुआत हो गई है। स्टरलाइजेशन का काम भी हो रहा है। इसके लिए 7 मशीनें लग रही हैं। इसी तरह शहडोल व विदिशा कॉलेज को भी आधुनिक तरीके से संक्रमण मुक्त किया जाएगा। रतलाम में दो महीने में स्टरलाइजेशन का काम पूरा हो जाएगा। -डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डीन, मेडिकल कॉलेज, रतलाम*

दै. भास्कर 4/9/21

**55 वर्षीय मांगू ने कलेक्टर को बताइए कहानी**

# वैक्सीन का प्रथम डोज लगवाते ही दूर हुई तीन वर्ष पुरानी बीमारी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. तीन वर्ष से शरीर में सूजन, सिरदर्द, जोडों के दर्द से परेशान था, उठने-बैठने में परेशानी आती थी। हाथ में लाठी लेकर जैसे-तैसे चल पाता था लेकिन 15-20 दिन पूर्व जब उसको कोविड वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया गया तो उसके बाद से उसकी सभी परेशानियां दूर हो गई हैं, बीमारियां खत्म हो गई हैं। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और लाठी के सहारे की भी जरुरत नहीं रही।

यह वाक्य हुआ है आदिवासी अंचल के ग्राम देवपाड़ा के 55 मांगू भूरिया के साथ, कोविड वैक्सीनेशन के बाद मांगू अब खुश है। मांगू ने अपनी खुशी शुक्र वार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के दौरे के दौरान उनके समक्ष व्यक्त की। मांगू की बात सुनकर कलेक्टर ने उसे दूसरा डोज भी समय पर लगवाने के लिए कहा। साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने की सझाईश दी। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच प्रफुल्ल डामोर भी उपस्थित थे। पत्रिका

पत्रिका ५/७/२१

## मेडिकल कॉलेज की लैब में अब ऑनलाइन जांच की सुविधा

रतलाम । शहर के शासकीय मेडिकल कॉलेज की लैब में अब ऑनलाइन जांच की सुविधा होगी। इसके लिए लैब सॉफ्टवेयर का इंस्टाल किया गया है। इसकी शुरूआत माइक्रोबायोलाजी लैब से की गई है। अस्पताल में डॉक्टर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन रिपोर्ट देख सकेंगे। आने वाले समय में मरीजों को भी रिपोर्ट के लिए चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। माइक्रोबायोलाजी लैब में आरटीपीसीआर लैब से इसका प्रयोग शुरू हो गया है। विभाग के डॉक्टर, साइंटिस्ट एवं टेक्नीशियन सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण भोपाल से प्राप्त कर चुके हैं। गुरुवार को उपकरणों का इंस्टालेशन कर जांच भी शुरू कर दी गई है। बतौर प्रयोग 10 से 15 सैंपल रोज इस प्रक्रिया से जांचे जाएंगे। यहां अभी कोरोना के सैंपल जांचे जा रहे हैं। इसके बाद पैथालाजी और बायोकेमेस्ट्री लैब में यह सुविधा लागू हो जाएगी।

दबंग दुनिया ५/७/२१

कलेक्टर के निर्देश, ऋण स्वीकृति में न हो विलंब

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में बैंक गंभीरता बरतें

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में ऋण स्वीकृति में किसी तरह का विलंब न हो। निर्धारित लक्ष्य पूर्ति के लिए सभी बैंक पूर्ण गंभीरता से काम करें। अगले एक सप्ताह में इस तत्परता की प्रोग्रेस नजर आनी चाहिए । उक्त निर्देश कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए। बैठक में विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप ने बैंकर्स को संवेदनशीलता रखते हुए मानवीयता के आधार पर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, लीड बैंक मैनेजर एवं सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पथ विक्रेता योजना एवं स्वसहायता समूह के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं के संबंध में जितने भी प्रकरण बैंकों में लंबित है, उनका निराकरण प्राथमिकता से करें।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि जितने भी पथ विक्रेता हैं उनके पास हाथ ठेला हो जाए तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके लिए बैंक चाहे तो कैंप लगाकर एक साथ प्रकरणों को स्वीकृत कर सकते हैं। शासन की प्राथमिकता ही हमारी प्राथमिकता है, इस उद्देश्य को मन में रखकर आपको इन योजनाओं पर फोकस करना होगा। गरीब को इस समय काम की आवश्यकता है। उसकी आर्थिक व्यवस्था बेहतर होगी तो जीवन स्तर सुधरेगा।



आवास योजना से झुग्गी मुक्त शहर का सपना साकार होगा

विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि सभी बैंकर्स इन योजनाओं को गंभीरता लेंगे तो जरूरतमंदों को समय पर लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति के लिए आ रही समस्याओं को दूर करें। खासतौर से आवासीय योजनाओं में लोग शीघ्र से शीघ्र अपने घरों में प्रवेश करें, यह आवश्यक है। इन लोगों को घर मिलते ही झुग्गी मुक्त शहर का सपना भी साकार होगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि आवास योजनाओं के लिए बैंक में प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से हो तो इससे लक्ष्य पूर्ति समय सीमा में की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेताओं के लिए भी विशेष प्रयास की आवश्यकता है। स्वनिधि से निरंतर चलने वाली प्रक्रिया में गति आएगी तो लोगों का योजनाओं के प्रति और बैंकिंग व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झरिया ने नगर निगम द्वारा ईडब्ल्यूएस, एमआईजी, एलआईसी योजना के तहत निर्मित आवासों की जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं में बैंकर्स से सहयोग का आग्रह किया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर एवं विभिन्न बैंकों से उपस्थित शाखा प्रबंधकों ने बैंक द्वारा ऋण प्रकरणों में की गई स्वीकृति से अवगत कराया।

दबंग दुनीया ५/७/२१

**घपला** • पोर्टल पर दर्ज स्टॉक से मिलान किया तो 216.64 क्विंटल खाद्यान्न कम निकला

# नित्यानंद मार्केट की राशन दुकान में 4.3 लाख रुपए का खाद्यान्न घोटाला

## सेल्समैन के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर सराय नित्यानंद मार्केट स्थित राशन की दुकान की जांच में दो महीने में 4.3 लाख रुपए कीमत के खाद्यान्न का घोटाला मिला है। दुकानदार से सामने अधिकारियों ने दुकान का खाद्यान्न तौल कर विभाग के पोर्टल एईपीडीएस पर दर्ज स्टॉक से मिलान किया तो 216.64 क्विंटल खाद्यान्न कम निकला। शुक्रवार को पंचनामे पर हस्ताक्षर करने को कहा तो आरोपी दुकानदार सुरेंद्र सोनकर भाग गया। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खंबेटे ने आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ दीनदयाल नगर थाने में अमानत में खयानत और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार जय भारत प्राथमिक उपभोक्ता भंडार द्वारा नित्यानंद मार्केट में संचालित राशन की दुकान दो महीने से बंद रहने और राशन नहीं मिलने पर सेल्समैन सुरेंद्र पिता रतनलाल सोनकर के खिलाफ लोगों ने जिला खाद्य अधिकारी से शिकायत की थी। जुलाई से दुकान बंद थी और उपभोक्ताओं को अनाज नहीं मिल रहा था। खाद्य अधिकारी के निर्देश पर 19 अगस्त को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रश्मि खंबेटे ने जांच की और गुरुवार को दीनदयाल नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। विक्रेता ने एक साल से केरोसिन का उठाव नहीं किया। डीलर सोमचंद तुलसीदास के 7582 रुपए और डीलर एसएम हुसैन एंड कंपनी के 49,537 रुपए भुगतान शेष होने से केरोसिन प्रदाय नहीं किया गया। राशन दुकान के लिए जुलाई और अगस्त में माल भी नहीं उठाया था।

भास्कर

## पोर्टल पर दर्ज स्टॉक से इतना अंतर था

| खाद्यान्न | एईपीडीएस पोर्टल पर दर्ज (क्विंटल) | उपलब्ध खाद्यान्न (क्विंटल) | अंतर (क्विंटल) |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 165.08 | 53.58 | 111.5 |
| चावल | 127.74 | 27.3 | 100.44 |
| नमक | 6.19 | 2.00 | 4.19 |
| शकर | 0.51 | 00 | 0.51 |
| केरोसिन | 00 | 00 | |

### ये मिलीं अनियमितताएं : दो महीने से खाद्यान्न ही नहीं बांटा

- विक्रेता ने जुलाई और अगस्त में राशन नहीं उठाया और दुकान भी बंद रखी। वितरण भी नहीं किया।
- लोगों ने मौखिक रूप से विक्रेता के दुर्व्यवहार की शिकायत की थी।
- दुकान खुलवाई तो खाद्यान्न अव्यवस्थित पड़ा था।
- स्टॉक रजिस्टर अधूरा होने से विक्रेता ने प्रस्तुत ही नहीं किया।
- हम्मालों से खाद्यान्न बोरों में भरवाकर तौल करवाया तो एईपीडीएस पोर्टल पर दर्ज राशन स्टॉक और उपलब्ध खाद्यान्न के स्टॉक में अंतर था।
- दुकान में स्टॉक और भाव की सूची नहीं थी। निगरानी समिति के सदस्यों की सूची भी नहीं लगाई थी।
- दुकान पर प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी का फ्लेक्स भी नहीं लगाया था।

दै. भास्कर 4/9/21

# राप्रसे के 35 अधिकारियों का तबादला

**भोपाल ( नईदुनिया स्टेट ब्यूरो )**। प्रदेश सरकार ने गुरुवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 35 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इसमें संयुक्त और उप कलेक्टर शामिल हैं।

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| सोहन कनाश | संयुक्त कलेक्टर झाबुआ | संयुक्त कलेक्टर आगर मालवा |
| नेहा भारतीय | संयुक्त कलेक्टर उज्जैन प्रशासन अकादमी | विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी |
| शोभाराम सोलंकी | संयुक्त कलेक्टर देवास | संयुक्त कलेक्टर शाजापुर |
| शैलेंद्र सिंह | संयुक्त कलेक्टर रीवा | यथावत |
| नेहा शिवहरे | संयुक्त कलेक्टर खरगोन | संयुक्त कलेक्टर धार |
| साधना परस्ते | संयुक्त कलेक्टर सतना | संयुक्त कलेक्टर कटनी |
| अरविंद कुमार चौहान | संयुक्त कलेक्टर देवास | संयुक्त कलेक्टर खंडवा |
| संजीव कुमार जैन | संयुक्त कलेक्टर मुरैना | आयुक्त नगर पालिका मुरैना |
| जानकारी यादव | भू-अर्जन अधिकारी नर्मदा घाटी विकास प्राधि. बड़वानी | संयुक्त कलेक्टर आलीराजपुर |
| दिनेश चंद्र शुक्ला | अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल | संयुक्त कलेक्टर शिवपुरी |
| आदित्य कुमार शर्मा | संयुक्त कलेक्टर सा[illegible] | संयुक्त कलेक्टर रायसेन |
| सुरेश कुमार गुप्ता | डिप्टी कलेक्टर पन[illegible] | डिप्टी कलेक्टर सीधी |
| प्रशांत त्रिपाठी | डिप्टी कलेक्टर सतना | डिप्टी कलेक्टर सीधी |
| नीरज खरे | डिप्टी कलेक्टर उमरिया | डिप्टी कलेक्टर सतना |
| शिवलाल शाक्य | डिप्टी कलेक्टर नीमच | डिप्टी कलेक्टर मुरैना |
| कुशल सिंह गौतम | डिप्टी कलेक्टर निवाड़ी | डिप्टी कलेक्टर पन्ना |
| ममता खेड़े | डिप्टी कलेक्टर खंडवा | डिप्टी कलेक्टर नीमच |
| अशोक सिंह चौहान | डिप्टी कलेक्टर दतिया | डिप्टी कलेक्टर ग्वालियर |
| सुधीर कुमार बैक | डिप्टी कलेक्टर सीधी | डिप्टी कलेक्टर सतना |
| अनुराग तिवारी | डिप्टी कलेक्टर जबलपुर | डिप्टी कलेक्टर रीवा |
| मेघा शर्मा | डिप्टी कलेक्टर छिंदवाड़ा | उपायुक्त भू-अभिलेख भोपाल |
| कुमार शानू देवड़िया | डिप्टी कलेक्टर विदिशा | डिप्टी कलेक्टर खंडवा |
| आशीष कुमार पांडेय | डिप्टी कलेक्टर जबलपुर | डिप्टी कलेक्टर कटनी |
| लोकेन्द्र सिंह सरल | संचालक सीएम हेल्पलाइन | डिप्टी कलेक्टर श्योपुर |
| राकेश परमार | डिप्टी कलेक्टर आलीराजपुर | डिप्टी कलेक्टर छतरपुर |
| पवन बारिया | डिप्टी कलेक्टर सागर | डिप्टी कलेक्टर नीमच |
| अनुभा जैन | डिप्टी कलेक्टर खंडवा | डिप्टी कलेक्टर विदिशा |
| कामिनी ठाकुर | डिप्टी कलेक्टर रतलाम | डिप्टी कलेक्टर बालाघाट |
| प्रियंका मिमरोट | डिप्टी कलेक्टर रायसेन | डिप्टी कलेक्टर देवास |
| दिव्या पटेल | डिप्टी कलेक्टर धार | डिप्टी कलेक्टर खरगोन |
| प्रियंका वर्मा | डिप्टी कलेक्टर शाजापुर | डिप्टी कलेक्टर मंडला |
| रोहित बम्होरे | डिप्टी-कलेक्टर बालाघाट | डिप्टी कलेक्टर पन्ना |
| निशा बांगरे | डिप्टी कलेक्टर बैतूल | डिप्टी कलेक्टर भोपाल |
| अभिषेक सिंह | डिप्टी कलेक्टर सीधी | डिप्टी कलेक्टर देवास |
| राहुल नायक | डिप्टी कलेक्टर रीवा | डिप्टी कलेक्टर बालाघाट |

नईदुनिया 5/7/21

## मीटिंगः कलेक्टर से चर्चा के दौरान कंसलटेंट नियुक्ति पर दिया जोर

एकस. न्यूज.

# मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फूड जोन : काश्यप


रतलाम » दबंग रिपोर्टर

विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के कॉन्वेन्ट तिराहा से सैलाना बस स्टैण्ड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित होने वाले फूड जोन के लिए जल्द कंसलटेंट नियुक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर फूड जोन का विकास किया जाए, ताकि इससे रतलाम के लजीज व्यंजनों की प्रसिद्धि और विस्तारित हो और फूड जोन के रूप में आम लोगों को आमोद-प्रमोद के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सके।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा में विधायक काश्यप ने फूड जोन के साथ-साथ सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि महाराजा सज्जनसिंहजी प्रतिमा, दो बत्ती चौराहा एवं महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके लिए ही जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति हो। इन चौराहों के विकास से रतलाम शहर को नई पहचान मिलेगी।

विधायक काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में और सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल रहा है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, जिससे रतलाम स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के रूप में अपनी पहचान बना सके।



## विधायक काश्यप से मिले डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधि

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई 2022 से 50 माइक्रान से कम वाले सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण 50 माइक्रान से अधिक के डिस्पोजल का ही उपयोग किया जा सकेगा। व्यापारी वर्ग इसकी तैयारी आरंभ करें और शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग दें। यह बात विधायक चेतन्य काश्यप ने डिस्पोजल व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा में कही। संघ का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम द्वारा 1 अक्टूबर 2021 से ही सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्यवाही आरंभ करने की चेतावनी देने के कारण हो रही परेशानी बताने आया था। काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा कर व्यापारियों को जुलाई 2022 तक शहर में 50 माइक्रोन से कम का सिंगल यूज प्लास्टिक समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। डिस्पोजल व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय पारख ने बताया कि शहर में संघ की ओर से बोर्ड लगाकर डिस्पोजल को निर्धारित डस्टबीन में डालने एवं शहर को स्वच्छ रखने में सहभागी बनने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान संघ सचिव अर्पित अग्रवाल, उपाध्यक्ष राहुल पोखरना, त्रिलोक चंदानी, शेखर घोचा एवं प्रवीण चौपड़ा मौजूद रहे।

दबंग

दबंग दुनिया ५/९/२१

# जिले में नौ से 17 सितंबर तक रोजगार मेले लगेंगे

**रतलाम।** भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नौ से 17 सितंबर तक जिले में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। मेलों में बेरोजगार युवा जो 10वीं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आइटीआई तथा कंप्यूटर डिप्लोमा भी शामिल हो सकते हैं। कार्य कुशलता आधार पर मासिक वेतन मिलेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह ने बताया कि प्रातः 11 से शाम चार बजे तक रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। नौ सितंबर को रतलाम के शासकीय आइटीआइ सैलाना रोड पर, 10 सितंबर को जावरा जनपद पंचायत सभागृह, 11 सितंबर को आलोट जनपद पंचायत, 15 सितंबर को बाजना जनपद, 16 सितंबर को पिपलौदा तथा 17 सितंबर को सैलाना जनपद पंचायत सभागृह में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

4/9/21

# मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फुड झोन - विधायक काश्यप

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के कान्वेन्ट तिराहा से सैलाना बस स्टैण्ड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित होने वाले फुड झोन के लिए जल्द कंसलटेंट नियुक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर फुड झोन का विकास किया जावे, ताकि इससे रतलाम के लजीज व्यंजनों की प्रसिद्धी ओर विस्तारित हो और फुड झोन के रूप में आम लोगों को आमोद-प्रमोद के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सके। कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा में विधायक श्री काश्यप ने फुड झोन के साथ-साथ सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराजा सज्जनसिंहजी स्टेच्यु, दो बत्ती चौराहा एवं महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके लिए ही जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति हो। इन चौराहों के विकास से रतलाम शहर को नई पहचान मिलेगी। विधायक श्री काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल रहा है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, जिससे रतलाम स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के रूप में अपनी पहचान बना सके।

# मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फुड झोन : विधायक काश्यप

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के कान्वेन्ट तिराहा से सैलाना बस स्टैण्ड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित होने वाले फुड झोन के लिए जल्द कंसलटेंट नियुक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर फुड झोन का विकास किया जावे, ताकि इससे रतलाम के लजीज व्यंजनों की प्रसिद्धी ओर विस्तारित हो और फुड झोन के रूप में आम लोगों को आमोद-प्रमोद के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सके। कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा में विधायक श्री काश्यप ने फुड झोन के साथ-साथ सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराजा सज्जनसिंहजी स्टेच्यु, दो बत्ती चौराहा एवं महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके लिए ही जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति हो। इन चौराहों के विकास से रतलाम शहर को नई पहचान मिलेगी। विधायक श्री काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल रहा है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

# 100% वैक्सीनेट करने के लिए अधिकारियों ने संभाली कमान



**रतलाम.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रतलाम में की गई घोषणा के बाद रतलाम को सितंबर माह में 100 प्रतिशत टीकाकरण का पहला डोज पूरा करने के लिए प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग के अमले ने मैदान संभाल लिया है। पहला टीका सितंबर माह में सभी लोगों को लगाने के लक्ष्य को लेकर जिला अस्पताल में भी वैक्सीनेशन सेंटर की शुरुआत करने के अतिरिक्त अब प्रशासन का अमला उन लोगों की जानकारी जुटा रहा है जिन्हें अब तक टीका नहीं लगा है।

टीकाकरण के इस महा अभियान के दौरान शुर वार को शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत भी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़कों पर घूमते नजर आए। इस दौरान वैक्सीनेशन की मोबाइल टीम से चर्चा कर उनसे संपर्क किया और शहर में चल रही टीकाकरण की वास्तविक स्थिति का पता किया। दरअसल एक मोबाइल वेन के माध्यम से अब छूटे हुए लोगों के घर पहुंचकर टीम टीकाकरण का कार्य कर रही है। इसके लिए हर दिन डाटा भी अपडेट किया जा रहा है और जिन लोगों ने टीका नहीं लगाया है, उन्हें समझाइश देकर केंद्रों पर भी बुलाया जा रहा है।

पत्रिका 4/9/21

## मच्छरों से मुक्ति के लिए फागिंग शुरू



रतलाम. शहर में लोगों को डेंगू से बचाव के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शुक्रवार रात से नगर निगम ने 3 फागिंग मशीन के माध्यम से मच्छरों को मारने के प्रयास शुरू किए। किन में दो मशीनें नगर निगम की है जबकि तीसरी मशीन मलेरिया विभाग ने उपलब्ध कराई है जिसके माध्यम से अब डेंगू पर कंट्रोल करने का प्रयास किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका ५/९/२१

## नगर निगम में परेशान हो रहे, आंदोलन की चेतावनी

**रतलाम** | नगर निगम में अव्यवस्था को लेकर एनएसयूआई शहर उपाध्यक्ष नारायण चौधरी ने आंदोलन की चेतावनी दी है। चौधरी ने बताया निगम में पुराने दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बकाया कर निर्धारण के लिए उपभोक्ता कर्मचारी व अधिकारी से संपर्क करता है तो पुराने रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर परेशान किया जाता है। पुरानी रसीद गुम हो जाने पर फिर से रकम अदा करने की बात भी कही जाती है, जो गलत है। भास्कर

दै.भास्कर ५/९/२१

## सार्वजनिक शौचालय से पानी की टंकी चोरी

**रतलाम।** पटेल कालोनी क्षेत्र में स्थित नगर निगम द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालय की छत से बदमाश पानी की टंकी चुराकर ले गया। जानकारी के अनुसार बीती रात चोर टंकी की छत पर चढ़ा तथा उसमें लगा पाइप कनेक्शन तोड़कर अलग कर दिया। इसके बाद टंकी सिर पर उठाकर ले गया। टंकी ले जाते हुए वह क्षेत्र में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उसकी तलाश की जा रही है। नईदुनिया

नईदुनिया ५/९/२१

नगर निगम से लोगों को तबेले हटाए जाने की बात कहने के बाद भी नहीं हटे तो कार्रवाई की

# रहवासी इलाकों में तबेलों पर चली निगम की जेसीबी

पत्रिका।

लगातार



पत्रिका

प्रकाशित खबर।



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर की सड़कों पर अवैध घुमटियों के बाद अब नगर निगम की टीम ने तबेलों पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। निगम का अमला शुर वार को पुलिस प्रशासन की टीम के साथ मोहन नगर पहुंचा और यहां बने तबेलों पर कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल शहर के रहवासी इलाकों में तबेले होने के चलते वर्तमान स्थिति को देखते हुए इन पर कार्रवाई की जा रही है। मोहन नगर में कार्रवाई के दौरान एक युवक ने आपत्ति जताते हुए विरोध दर्ज कराया तो पुलिस के आगे आते ही संबंधित ने माफी भी मांग ली।

नगर निगम और पुलिस-प्रशासन के अमले द्वारा इसके पूर्व गुरुवार को भी शहर में कुछ स्थानों पर बने तबेलो पर जेसीबी के माध्यम से कार्रवाई करके उन्हे हटाया था। दरअसल बीते दो-तीन दिनों से निगम की टीम एक्शन मोड में नजर आ रही है, वह लगातार कार्रवाई जारी है। हालाकि शहर में कई मुख्य कॉलोनी और रहवासी इलाके से भी हैं, जहां पर तबेले बने हुए हैं लेकिन अब तक इन स्थानों पर निगम का ध्यान नहीं गया है।

## सात तबेले हटाए गए

शहर से अवैध तबेले हटाने की कार्रवाई के चलते मोहन नगर क्षेत्र से शुर वार को सात तबेले हटाए गए। यहां किसी प्रकार का हंगामा ना हो उसके लिए एहतियात के तौर पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौजूद रही और उनकी निगरानी में ही इन्हें हटाया गया। दरअसल तमिलों को हटाए जाने के लिए निगम के अमले द्वारा पूर्व में भी संबंधों को इन्हें हटाए जाने के लिए सूचना देने की बात कही गई है लेकिन जब लोगों के द्वारा स्वयं नहीं हटाया गया तो निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से तबेलों को गिरा दिया।

## पहले भी की कार्रवाई

रहवासी इलाकों में बने तबेलों को हटाए जाने के संबंध में यह पहली कार्रवाई नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व भी रहवासी इलाकों में जाकर मवेशियों को पकड़ा था और अवैध रूप से बने तबेलों को गिराया गया था लेकिन समय बीतने के बाद फिर से लोगों के द्वारा घर के पास ही तबेलो को खड़ा कर दिया गया जिसके चलते बारिश के दिनों में गंदगी के कारण आसपास के रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## विरोध में आया आगे

निगम की टीम द्वारा तबेले हटाए जाने की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के एक युवक ने आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया और निगम की टीम से बहस बाजी करने लगा था जिस पर मामले को तूल पकड़ता देख निगम की टीम ने पुलिस को संबधित पर कार्रवाई की बात कही तो उक्त व्यक्ति द्वारा निगम के अधिकारियों से माफी मांगी गई और वहां से हट गया जिसके बाद निगम के अमले ने कार्रवाई की।

पत्रिका 5/9/21

# शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में बैंक गंभीरता बरतें

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**



शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में ऋण स्वीकृति में किसी तरह का विलंब न हो। निर्धारित लक्ष्य पूर्ति के लिए सभी बैंक पूर्ण गंभीरता से काम करें। अगले एक सप्ताह में इस तत्परता की प्रोग्रेस नज़र आनी चाहिए। उक्त निर्देश कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए। बैठक में विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप ने बैंकर्स को संवेदनशीलता रखते हुए मानवीयता के आधार पर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, लीड बैंक मैनेजर एवं सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पथ विक्रेता योजना एवं स्वसहायता समूह के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं के संबंध में जितने भी प्रकरण बैंकों में लंबित है उनका निराकरण प्राथमिकता से करें। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि जितने भी पथ विक्रेता हैं उनके पास हाथ ठेला हो जाए तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके लिए बैंक चाहे तो कैंप लगाकर एक साथ प्रकरणों को स्वीकृत कर सकते हैं। शासन की प्राथमिकता ही हमारी प्राथमिकता है, इस उद्देश्य को मन में रखकर आपको इन योजनाओं पर फोकस करना होगा। गरीब को इस समय काम की आवश्यकता है। उसकी आर्थिक व्यवस्था बेहतर होगी तो जीवन स्तर सुधरेगा।

विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि सभी बैंकर्स इन योजनाओं को गंभीरता लेंगे तो ज़रूरतमंदों को समय पर लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति के लिए आ रही समस्याओं को दूर करें। खासतौर से आवासीय योजनाओं में लोग शीघ्र से शीघ्र अपने घरों में प्रवेश करें यह आवश्यक है। इन लोगों को घर मिलते ही झुग्गी मुक्त शहर का सपना भी साकार होगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि आवास योजनाओं के लिए बैंक में प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से हो तो इससे लक्ष्य पूर्ति समय सीमा में की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि पथ विक्रेताओं के लिए भी विशेष प्रयास की आवश्यकता है। स्वनिधि से निरंतर चलने वाली प्रक्रिया में गति आएगी तो लोगों का योजनाओं के प्रति और बैंकिंग व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झरिया ने नगर निगम द्वारा ईडब्ल्यूएस, एमआईजी, एलआईसी योजना के तहत निर्मित आवासों की जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं में बैंकर्स से सहयोग का आग्रह किया। बैठक में लीड बैंक मैनेजर एवं विभिन्न बैंकों से उपस्थित शाखा प्रबंधकों ने बैंक द्वारा ऋण प्रकरणों में की गई स्वीकृति से अवगत कराया।

सिंघम - 3/9/21

## दरोगा निलंबित

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 35 शैरानीपुरा खेड़ा में रिक्त भूखण्डों पर कचरे के ढेर पाए जाने पर दरोगा मोहसिन खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## चावरे सेवा से बर्खास्त

रतलाम ● वार्ड 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हेल्पर लखन-रविन्द्र चावरे द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व मोबाइल रिसिव नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सेवा से बर्खास्त किया गया। स्वदेश

स्वदेश 4/9/21


## 12512 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

पेज-3

सिंघम 3/9/21

# 5 भैंसो के तबेलो पर चली जेसीबी



**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसों के तबेले हटाने का अभियान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा प्रारंभ किया गया जिसके तहत 2 सितम्बर गुरुवार को 5 तबेलों को तोड़ा गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे अलकापुरी स्थित बंजारा बस्ती से नगर निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ प्रारंभ किया गया। तबेले संचालक शरीफ खां-हसन खां, बशीर खां-हसन खां को दो दिवस पूर्व में अंतिम रूप से सूचना दी गई की वे अपने तबेलों को स्वयं हटा लें किन्तु तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया।

इसके पश्चात शैरानीपुरा खेड़ा में तबेला संचालक असलम-बशीर खां, ऊंकाला रोड पर विष्णु-भैरूलाल गुर्जर, सूरजमल जैन नगर में बालकृष्ण-दयाशंकर शर्मा व शैरानीपुरा में हमीद-माजिद के तबेले को तोड़कर भविष्य में नगरीय क्षेत्र में तबेले संचालित नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया। नगरीय क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले एवं बाड़े को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। तबेले हटाने की कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित निगम के स्वास्थ्य, लोक निर्माण व राजस्व विभाग अमले के साथ ही पुलिस प्रशासन उपस्थित था।

सिंघम - 3/9/21